नेवी चिल्ड्रन स्कूल, नई दिल्ली

कक्षा- नवमी (हिन्दी)

पाठ आधारित क्रियाकलाप (2024 -25)

मास	पाठ के नाम	Day / क्रियाकलाप
अप्रैल / मई	1. दुःख का अधिकार 2. रैदास के पद 3. गिल्लू (संचयन) 4. धूल (स्वाध्याय) व्याकरण : शब्द व पद , अनुस्वार-अनुनासिक लेखन : पत्र लेखन (अनौपचारिक पत्र)	1- पाठ के आधार पर छात्रों से पद गायन करवाया जाएगा। 2- रैदास का जीवन – परिचय 3- छात्र अन्य भक्त कवियों का परिचय देंगे। 4- पूर्व में पढ़े गए कुछ पदों को सुनाएँगे । 5- क्या विद्यालय में पोशाक आवश्यक है – इस विषय पर वाद-विवाद करवाया जाएगा । 6- सामाजिक विषमता – एक अभिशाप (अनुच्छेद लेखन) 7- पशु - पक्षियों का संरक्षण (सामूहिक व एकल चर्चा) 8- पितृपक्ष किसे कहते हैं? बताइए । 9- कौवों को भोजन कराने की परम्परा के विषय में बताइए । 10- काक - भुशुंडी की पौराणिक कथा का वर्णन करें। 11- हमारे पुराणों में वर्णित पशु पक्षियों की कथा बताइए। 12- पंचतंत्र में पढ़ी हुई किसी कहानी को सुनाइए । 13- कौए की कोई अन्य प्रचलित कहानी सुनाइए । 14- गिलहरी की कहानी (राम कथा में) बताइए। 15- दिए गए विषय (गिलहरी और कौए) पर संवाद प्रस्तुत कीजिए । 16- भक्त और भगवान के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
जून / जुलाई	5.एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा 6. रहीम के दोहे व्याकरण- उपसर्ग-प्रत्यय , स्वर संधि लेखन - संवाद लेखन अपठित गद्यांश पठित गद्यांश	1. छात्र किसी पर्वतीय यात्रा का वर्णन प्रस्तुत करेंगे। 2. हिमालय पर कोई कविता सुनाएँगे । 3. पाठ में वर्णित घटनाओं की सूची बनाना। 4. साहित्य के गद्य –विधा (लेख/निबंध) की जानकारी देना। 5. अपने परिवेश एवं प्रकृति के बारे में जानकारी देना। 6. बचेंद्री पाल का चरित्र-चित्रण (स्पीच) 7. बचेंद्री पाल की जीवनी का वर्णन संक्षेप में अपने शब्दों में करना। 8. भारत की प्रमुख नारी शक्ति का परिचय देना। 9. मनुष्य की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए। 10. भारत में स्थित पर्वतारोहण संस्था का नाम बताइए। 11. भारत के साहसिक कार्य करने वालों के बारे में जानकारी एकत्र करना। 12. किसी साहसिक कार्य से संबंधित एक लेख लिखना/ बोलना । 13. हिमालय के बारे में संक्षेप में बताइए। 14. साहित्य के गद्य –विधा (कविता/ दोहा) की जानकारी देना। 15. रहीम के दोहों का गायन प्रस्तुत करेंगे ।

		16. रहीम के पूर्व पठित दोहे सुनाइए । 17. रहीम के मूल्य परक दोहे सुनाइए। 18. कबीर , गुरु नानक , मीराबाई , नामदेव आदि कवियों का परिचय दीजिए । 19. अन्य नीतिपरक दोहे सुनाइए । 20. पानी के पर्यायवाची शब्द तथा उनके अन्य (विभिन्न) अर्थ बताइए । 21. रहीम किसके दरबारी कवि थे। नव रत्नों के विषय में बताइए । 22. रहीम का पूरा नाम बताने हुए उनका जीवन - परिचय दीजिए ।
अगस्त	7. स्मृति (संचयन) 8. तुम कब जाओगे अतिथि व्याकरण : विरामचिह्न , अर्थ के आधार पर वाक्य लेखन- अनुच्छेद लेखन , चित्र वर्णन	1 बचपन की किसी घटना का वर्णन करेंगे । 2. अपने माता –पिता अथवा दादा –दादी के बचपन की किसी घटना का वर्णन करेंगे । 3.अपने बड़े / छोटे भाई /बहन के साथ की गई किसी खट्टी / मीठी शरारत को सुनाएँगे जिसका जिक्र किसी अन्य से न किया हो। 4.पशु /पक्षियों पर आधारित किसी लघु कहानी या कविता का वाचन /पाठ करेंगे जो उन्होंने पूर्व में पढ़ रखा हो। 5.विभिन्न प्रकार के साँपो के नाम पूछे जाएँगे। 6.साँप जैसे जहरीले प्राणियों के विषय में भी हमारा दृष्टिकोण /व्यवहार कैसा होना चाहिए –सामूहिक लघु चर्चा की जाएगी । 7.सर्प के विषय में कोई पौराणिक आख्यान पूछा /सुनाया / जाएगा । 8. छात्र अपने घर आए किसी अतिथि के साथ बिताए दिनों का अनुभव बताएँगे । 9.अतिथि देवो भव –अनुच्छेद लेखन करेंगे। । 10.अतिथि व मेजबान के बीच का संवाद प्रस्तुत करेंगे। 11.पाठ के मनपसंद अंश का नाट्य- मंचन करेंगे। 12. अतिथि पर आधारित किसी फिल्म की समीक्षा करेंगे । 13. विभिन्न भाषाओं में अतिथि को क्या कहा जाता है ? ये बताएँगे । 14. विभिन्न भाषाओं , बोलियों में अतिथि का स्वागत कैसे किया जाता हैं - ये बताएँगे । 15. अपने घर आए अतिथि का सत्कार तुमने कैसे किया , अपने अनुभव बताइए ।

		16. साहित्य के गद्य -विधा (लेख) की जानकारी देना। 17. आशुभाषण के रूप में कुछ टॉपिक दिए जाएँगे जिस पर छात्र प्रस्तुति करेंगे। 18. वाक्य - परिचय दीजिए। 19. कक्षा / बोर्ड में लगे हुए किसी भी चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । 20. कुछ ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करें , जहाँ विराम चिह्नों के प्रयोग से अर्थ स्पष्ट होता है।
सितम्बर	9.गीत -अगीत पठित काव्यांश व्याकरण- रचनात्मक लेखन- संवाद लेखन , पत्र लेखन (अनौपचारिक) पुनरावृति कार्य व अर्धवार्षिक परीक्षा	1. कविता – पाठ छात्रों द्वारा किया जाएगा । 2. साहित्य के गद्य –विधा (कविता)की जानकारी देना। 3. कविता की विशेषताओं की सूची बनाना। 4. महामारी के ऊपर अपने अनुभव साझा करेंगे। 5. गीत-अगीत में अंतर। 6. अनुच्छेद लेखन – विश्वव्यापी महामारी 7. सामाजिक समस्याओं पर सामूहिक चर्चा । 8. कविता पाठ 9. समाज के प्रति मनुष्य का कर्तव्य (लिखित व मौखिक अभिव्यक्ति । 10. कोई आल्हा गीत या लोकगीत सुनाइए । 11. गीत और अगीत दोनों में आपको क्या पसंद है। 12. नदी और पत्थर के बीच संवाद प्रस्तुत कीजिए।